प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज श्रीनगर पहुंचकर सैनिकों को किया संबोधित : कहा– ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई।
2. विदेश मंत्री डॉ0 एस जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से किया इंकार : कहा– आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक लगने तक स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की बैठक में 10 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना का प्रस्ताव पारित। और
4. लखनऊ में स्लीपर बस में आग लगने से दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत : प्रदेश में अलग अलग हादसों में 11 अन्य लोगों ने भी गंवाई जान।

———————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पिछले कई दशकों से पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से फैलाये जा रहे आतंक के खिलाफ भारत की कठोर कार्रवाई है। बाइट....

*ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। 35–40 वर्षोंसे भारत सरहद पार से चलाई जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया को ये साफ कर दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं।*

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के साहस, शौर्य और कुशलतापूर्वक की गई कार्रवाई की सराहना को। उन्होंने कहा कि देश को उनके साहस, संकल्प, समर्पण पर गर्व है। बाइट....

*प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व और मार्ग दर्शन में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आप ने जो कुछ भी किया है, उस पर पूरे देश को गर्व की अनुभूति हो रही है। पहलगाम हमले के बाद जम्मू–कश्मीर की जनता ने पूरी एकजुटता के साथ और पाकिस्तान और साथ ही साथ आतंकवादियों के प्रति जिस प्रकार से अपने गुस्से का इजहार किया है, मैं जम्मू–कश्मीर की जनता का भी अभिनंदन करता हूं।*

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षण में लिये जाने चाहिए। बाइट....

*पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे गैर–जिम्मेदाराना तरीके से पाकिस्तान द्वारा भारत को अनेक बार एटमी धमकियां दी गई हैं। श्रीनगर की धरती से, मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैर–जिम्मेदार और रोगनेशन के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं। मैं मानता हूं कि पाकिस्तान के एटमी हथियारों को इंटरनेशनल एटामिक एनर्जी एजेंसी की निगरानी में लिया जाना चाहिए।*

————————

विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से इंकार किया

है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी बातचीत केवल द्विपक्षीय आधार पर ही होगी। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंक के मुद्दे पर होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान, सीमा पार आतंकवाद पर विश्वसनीय रोक नहीं लगाता।

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान के रूप में आकाशवाणी समाचार ने विशेष श्रृंखला शुरू की है। आज हम परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा का स्मरण कर रहे हैं, जिन्होंने करगिल युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान किया था। पेश है एक रिपोर्ट....

*हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के निवासी कैप्टन विक्रम बत्रा ने भारतीय सैन्य अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया और उन्हें 13वीं बटालियन जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। कारगिल युद्ध के दौरान कैप्टन विक्रम बत्रा की यूनिट को द्रांस सबसेक्टर में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पर्वत शिखर प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। सात जुलाई 1999 की रात को प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद कैप्टन बत्रा प्वाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा करने के लिए आगे बढ़े। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वे दुश्मन की ओर आगे बढे और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना आक्रमण किया। कैप्टन*

*बत्रा की बहादूरी की बदोलत भारत ने पाइंट चार आठ सात पांच पर कब्जा कर लिया लेकिन दुर्भाग्य से वे वीरगति को प्राप्त हो गए। युद्ध के दौरान उनका एक रेडियो संदेश यह दिल मांगे मोर बाद में कारगिल युद्ध का कैच लाइन बन गया। उन्हें मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाल रही है। इसी क्रम में आज अयोध्या और वाराणसी समेत अन्य जनपदों में तिरंगा यात्रा निकाल कर देश की सेना का मनोबल बढ़ाया।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 10 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि

बैठक में सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं के प्रति धन्यवाद जताते हुए विशेष अभिनंदन प्रस्ताव पास किया गया। बाइट.....

*भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अधिक रूप को प्रदर्शित किया है। मंत्रिपरिषद भारतीय सेना के अधिक और शौर्य और प्रतिबद्धता को नमन करते हुए उनका हृदय से अभिनंदन करती है। आज मंत्री परिषद के अतिरिक्त जितने हमारे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार और सभी लोगों की मौजूदगी में यह प्रस्ताव आज सबसे पहले नंबर पर मंत्रिपरिषद में पास किया।*

कैबिनेट बैठक में राज्य को बीज उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश में पांच सीड पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर स्थापित किए जाने वाले सीड पार्क को प्रदेश के 5 क्लाइमेटिक जोन में चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जाएगा।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि पहले सीड पार्क की स्थापना लखनऊ में होगी। बाइट.....

*बीजों के प्रसंस्करण की वृद्धि किए जाने के लिए और बीज उत्पादन को बढ़ाए जाने की दृष्टि से सीट पार्क स्थापना करने का निर्णय किया है। यह उत्तर प्रदेश का पहला सीट पार्क होगा और ये भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर ये ये सीड पर्क जो है स्थापित किया जाएगा। पाँच क्लाइमेटिक जोन के भीतर पर्क लगाया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से ये पर्क बनेगा। पहला पार्क के बारे में आज निर्णय हुआ है जो लखनऊ के अटारी फार्म के भीतर वो स्थापित किया जाएगा।*

इसके अलावा 71 ग्रामीण विधानसभाओं में 100 करोड़ की लागत से पंचायत उत्सव भवन बनाने और नागरिक उड्डयन निदेशालय में संविदा पर कार्यरत तकनीकी व गैर–तकनीकी कार्मिकों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में कार्यरत पायलटों के वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

——————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज कहा कि वह 20 मई को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतरिम राहत पर विचार करेगा। प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को 19 मई तक अपने लिखित नोट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

——————

गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू की आशंका के बीच बीमार हुए 15 वर्षीय बब्बर शेर पटौदी की आज मौत हो गई। इस शेर को इलाज के लिए कानपुर चिड़ियाघर लाया गया था। शेर के खून के नमूने राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल भेजे गए हैं।

——————

प्रदेश में आज अलग अलग हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हो गए। लखनऊ में किसान पथ पर आज एक स्लीपर बस में आग लगने से दो बच्चों समेत 5 लोगों की जलने से मौत हो गई। ये बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। लखनऊ दक्षिण के पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल ने बताया कि बस में करीब 70 लोग सवार थे, जिनमें से अधिकतर लोग सो रहे थे। शुरुआती जांच में पता चला है कि बस का आपातकालीन दरवाज़ा ना खुलने से पिछली सीटों पर बैठे यात्री आग की चपेट में आ गये और समय से बाहर नहीं निकल पाये। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं हरदोई जनपद के संडीला कोतवाली क्षेत्र में एक ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन में टक्कर होने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, बलरामपुर–बहराइच मार्ग पर कल देर रात एक ट्रक औऱ कार की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोगों की जान चली गई और आठ लोग घायल हो गए। कार में सवार लोग एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।

——————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आज पटना में समापन हो रहा है। यूथ गेम्स में 52 पदक जीतकर उत्तर प्रदेश सातवें स्थान पर रहा। राज्य के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का

प्रदर्शन करते हुए 14 स्वर्ण, 20 रजत और 18 कांस्य पदक जीते हैं।

———————————

पूरा प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। प्रदेश के कई जनपदों में आज तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया। प्रयागराज में आज अधिकतम तापमान 44 दशमलव 2 डिग्री वहीं वाराणसी में 43 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य के पश्चिमी ज़िलों में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट और पूर्वी जनपदों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

(समाप्त)